12.12.18(E)

[This question paper contains 4 printed pages.]

**Your Roll No...............**

**Sr. No. of Question Paper : 6854** **IC**

Unique Paper Code : 52051316

Name of the Paper : Hindi – B

Name of the Course : **B.COM. (Prog.)**

Semester : III

समय : 3 घंटे पूर्णांक : 75

<u>छात्रों के लिए निर्देश</u>

1. इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।
2. **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. निम्नलिखित की व्याख्या कीजिए :-

(क) स्वप्न चल रहा है। सूबेदारनी कह रही है, "मैंने तेरे को आते ही पहचान लिया। एक काम कहती हूँ। मेरे तो भाग फूट गए। सरकार ने बहादुरी का खिताब दिया है, लायलपुर में जमीन दी है, आज नमक-हलाली का मौका आया है। पर सरकार ने हम तीमियों की एक घंघरिया पल्टन क्यों न बना दी, जो मैं भी सूबेदार जी के साथ चली जाती? एक बेटा है। फौज में भर्ती हुए उसे एक ही बरस हुआ। उसके पीछे चार और हुए, पर एक भी नहीं जिया।"



munotes.in

अथवा

बुढ़ापा बहुधा बचपन का पुनरागमन हुआ करता है। बूढ़ी काकी में जिहवा-स्वाद के सिवा और कोई चेष्टा शेष न थी और अपने कष्टों की ओर आकर्षित करने का, रोने के अतिरिक्त कोई दूसरा सहारा ही। (10)

(ख) इस में दो बात है-एक तो नगर भर में राजा के न्याव के डर से कोई मुटाता ही नहीं, दूसरे और किसी को पकड़ें तो वह न जानैं क्या बात बनावै कि हमी लोगों के सिर कहीं न घहराय और फिर इस राज में साधु महात्मा इन्हीं लोगों की तो दुर्दशा है, इस से तुम्हीं को फाँसी देंगे।

अथवा

महाराज, भ्रष्टाचार और सदाचार मनुष्य की आत्मा में होता है, बाहर से नहीं होता। विधाता जब मनुष्य को बनता है तब किसी की आत्मा में इमां की कल फिट कर देता है और किसी की आत्मा में बेईमानी की। इस कल में से इमान या बेईमानी के स्वर निकलते हैं, जिन्हें 'आत्मा की पुकार कहते हैं। आत्मा की पुकार के अनुसार ही आदमी काम करता है। (10)

2. हिंदी गद्य के विकास पर एक लेख लिखिए।

munotes.in



अथवा

हिंदी कहानी का सामान्य परिचय दीजिए। (12)

3. 'बूढ़ी काकी' के चरित्र पर प्रकाश डालिए।

अथवा

'गुंडा बनारस के सांस्कृतिक जीवन की कहानी है।' स्पष्ट कीजिए। (12)

4. भारतेन्दु की 'अंधेर नगरी' - का सार अपने शब्दों में लिखिए।

अथवा

परसाई के निबंध 'सदाचार का ताबीज' में व्यंग्य की तीखी धार है। विश्लेषण कीजिए। (12)

5. 'मेले का ऊँट' निबंध का सार संक्षेप लिखिए।

अथवा

'बिबिया' के चरित्र की विशेषताएँ लिखिए। (12)

6. किसी एक पर टिप्पणी लिखिए :

(i) हिंदी उपन्यास ;

(ii) हिंदी संस्मरण ;

(iii) हिंदी नाटक । (7)

munotes.in